EPISODE ; 16 DATE : 14-09-2021

पाठ का नाम :सबसे बड़ा शो मैन

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें |

1) चार्ली ने जनता पर क्या प्रभाव डाला था ?

उत्तर: चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी थी।

2) चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैलाने के लिए क्या क्या किया?

उत्तर: उसने दर्शकों से बातचीत की। नृत्य किया और अपनी माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी।

3) मासूमियत में चार्ली ने क्या किया ?

उत्तर: मासूमियत में उसने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतार दी।

4) मासूमियत में चार्ली ने थोड़ी देर पहले फटी माँ की आवाज़ और उसके फुसफुसाने की भी नकल उतारी ।इसकी क्या प्रतिक्रिया हुई ?

उत्तर: लोगों में ठहाकों की हिस्सेदारी हुई और स्टेज पर जमकर पैसे बरसे |

5) माँ जब चार्ली को लेने आई तब दर्शकों ने क्या किया?

उत्तर: दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई और कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ़ की |

6) कलाकार के रूप में चार्ली के आगे की जिंदगी को लेखक कैसे सूचित करते हैं ?

उत्तर: चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखिरी बार ।दुनिया के सबसे

बड़े शो मैन का यह पहला शो था।

7) "उसने जन्म ले लिया था" । इसका मतलब क्या है ?

उत्तर: पाँच साल का चार्ली अपनी माँ के बदले स्टेज पर आया था। उसने एक अच्छा प्रदर्शन किया। स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी । जब प्रदर्शन समाप्त हुआ तो दर्शकों ने खडे होकर तालियाँ बजाई। चार्ली का यह पहला प्रदर्शन था और वह एक कलाकार का उदय भी था। वास्तव में चार्ली नामक कलाकार ने वहाँ जन्म ले लिया था। अर्थात् दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यहाँ जन्म हुआ था।

8) दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यह पहला शो था। इस घटना पर एक रपट तैयार करें |

पाँच वर्षीय बालक का कमाल

माँ की इज्जत बच गई ।

लंदन : आज एल्डरशॉट शहर के थिएटर में एक प्रदर्शन चल रहा था । वहाँ हैन्ना चैप्लिन गीत गा रही थी। अचानक उसकी आवाज़ फट गई । दर्शकों के शोर से उसे स्टेज छोड़ना पड़ा । उसके स्थान पर पाँच साल का उसका बेटा चार्ली स्टेज पर आ गया। उसने बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। दर्शक खडे होकर तालियाँ बजाने लगे । इसमें कोई संदेह नहीं कि यह बालक कल बडा शो मैन बन जाएगा |

9) मान लें, चार्ली की माँ डायरी लिख रही हैं। उसने डायरी में क्या क्या

लिखा होगा ?

तारीख : - - - -

आज मेरे लिए दु:ख का दिन था। साथ ही आश्चर्य और हर्ष का भी | मैं थिएटर में गा रही थी। न जाने आज क्यों ? अचानक मेरी आवाज़ फट गई । क्या कहना ! दर्शक शोर मचाने लगे । मुझे स्टेज छोड़ना पड़ा | मैनेजर की ज़िद से मैं चार्ली को स्टेज पर भेजने के लिए तैयार हो गई। कमाल ही कहना | क्या था मेरे बेटे का प्रदर्शन ! स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी । दर्शक खडे होकर तालियाँ बजाने लगे |

नवीन शब्दार्थ

गुदगुदी- पुलक, उल्लास , ആഹ്ലാദം

बातचीत करना - वार्तालाप करना

नकल - अनुकरण

नकल उतारना - अनुकरण करना

मासूमियत - നിഷ്കളങ്കത

हिस्सेदारी - പങ്കാളിത്തം

ठहाका - പൊട്ടിച്ചിരി

तारीफ़ करना - प्रशंसा करना

आखिरी - അവസാനത്തെ

- - -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- -- --